फर्द अहकाम

न्यायालय सहायक कलक्टर(एस.डीओ.)कुम्भलगढ जिला राजसमन्द

पत्रावली संख्या 58/2022 वाद

किशनसिंह वगै. बनाम वरदीसिंह वगैराह

दिनांक	आदेशिका	हस्ताक्षर / सूचना
	पत्रावली पेश हुई । अधिवक्ता पक्षकारान् उपस्थित है । अधिवक्ता पक्षकारान् की बहस सुनी गई । अधिवक्ता पक्षकारान् ने अपनी बहस मे बताया कि तहसीलदार साहब कुम्भलगढ से प्राप्त विभाजन फहरिस्त एवं नक्शाट्रेस अनुसार विभाजन कर दिया जावे ।अधिवक्ता पक्षकारान् को कोई आपत्ति नही होने से तहसीलदार कुम्भलगढ से प्राप्त विभाजन फहरिस्त एवं नक्शा ट्रेस स्वीकार किये जाकर ग्राम हमेरपाल पटवार मण्डल तलादरी की आराजी नंबर 2944 रकबा 3.5100 हैक्टेयर भूमि का स्वीकृत विभाजन फहरिस्त एवं नक्शा ट्रेस अनुसार विभाजन किये जाने का आदेश दिया जाता है । स्वीकृत विभाजन फहरिस्त एवं नक्शा ट्रेस डिकी का अभिन्न अंग रहेगा । तदनुसार डिकी पर्चा जारी किया जाता है । पालना हेतु डिकी की प्रमाणित प्रति व स्वीकृत विभाजन फहरिस्त व नक्शा ट्रेस तहसीलदार कुम्भलगढ को भेजा जावे । वादी का वाद स्वीकार किया जाता है । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । निर्णय खुले न्यायालय मे सुनाया गया ।	